छपे हुए पृष्टों की कुल संख्या - 08

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुम्बई

नमूना प्रश्न-पत्र

कक्षा-छठी (6) समय- 2 ½ घंटे

विषय- हिन्दी (द्वितीय भाषा) पूर्णांक -90

(खण्ड – क)

प्र1) क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।

विद्यार्थी अर्थात् विद्या का अर्थी। विद्यार्जन जिसका एकमात्र कार्य हो। आदर्श विद्यार्थी वह है जो पूरी ईमानदारी तथा परिश्रम से विद्या अध्ययन के कार्य में लगा रहता है। विद्यार्जन में चाहे कितने भी कष्ट उठाने पड़े, आदर्श विद्यार्थी पीछे नहीं हटता। कहा भी गया है कि सुख चाहने वाले को विद्या का त्याग करना चाहिए तथा विद्या चाहने वाले को सुख त्यागना चाहिए। अध्ययन एक तपस्या है इसलिए विद्यार्थी का जीवन फूलों का सेज नहीं होता। क्यों कि सुखभोग एवं मौज-मस्ती में लिप्त रहनेवाला कभी भी एक आदर्श विद्यार्थी नहीं बन सकता। आदर्श विद्यार्थी के लिए आवश्यक है कि वह अपना मन-मस्तिष्क तथा अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखें और केवल अध्ययन के लिए प्रयासरत रहें। विद्यार्थी के पाँच गुण बताए गए हैं। काकचेष्टा अर्थात् कौए की तरह सदैव प्रयत्नशील रहना,बकोध्यानम् अर्थात् बगुले की तरह ध्यान लगाए रहना, श्वाननिद्रा अर्थात् कुत्ते की तरह बहुत कम सोना,अल्पाहारी अर्थात् कम भोजन करनेवाला और गृहत्यागी अर्थात् घर और घर के सदस्यों के प्रति आसक्ति न रखना। उपर्युक्त पाँच लक्षणों से युक्त विद्यार्थी ही आदर्श विद्यार्थी हो सकते है।

1. विद्यार्थी का एकमात्र लक्ष्य क्या होता है ? (1)
   क) समय पालन ख) पुस्तकालय जाना ग) विद्यालय जाना घ) विद्यार्जन

2. विद्यार्थी का अर्थ क्या है ? (1)
   क) विद्या देने वाला ख) विद्या चाहनेवाला ग) गुरु घ) विद्यालय जानेवाला

3. आदर्श विद्यार्थी के लक्षण होते हैं - (1)
   क) ईमानदार, परिश्रमी ख) ईमानदार ग) परिश्रमी घ) विनयी, परिश्रमी

4. विद्या चाहनेवाले को -------- त्यागना चाहिए । (1)
   क) निद्रा ख) सुख ग) बातचीत घ) अनुशासन

5. आदर्श विद्यार्थी के मुख्य गुण कितने बताए गए हैं ? (1)

क) एक ख) दो ग) चार घ) पाँच

ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

अच्छा स्वास्थ्य महा वरदान इसलिए है क्योंकि संसार के सभी सुख स्वस्थ होने पर ही भोगे जा सकते हैं। यदि किसी करोड़पति के पास स्वस्थ शरीर न हो तो वह करोड़ों की संपत्ति का क्या करेगा उसका पेट ही खराब हो तो स्वादिष्ट व्यंजनों का रस कैसे लेगा सच तो यह है कि स्वास्थ्य के बिना मनुष्य बहुत निर्धन है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। यदि स्वास्थ्य नहीं तो न जिंदगी है, न संसार है। अच्छे स्वास्थ का अर्थ है - शरीर के सभी अंगों का निरोग और विकारहीन होना। मोटापा या दुबलेपन दोनों ही अच्छे स्वास्थ्य के चिह्न नहीं हैं। स्वस्थता का असली चिह्न यह है कि शरीर में कोई रोग न हो। इसलिए यह बात सच है कि निरोग शरीर परमात्मा द्वारा मिला हुआ सर्वश्रेष्ठ वरदान है।

1. स्वस्थ शरीर में ----- और ------ का निवास होता है। (1)

क) स्वच्छ मन और आत्मा ख) स्वस्थ मन और स्वस्थ आत्मा

ग) नीरोग मन और आत्मा घ) स्वस्थ सोच और मस्तिष्क

2. स्वस्थता का असली चिह्न क्या हैं? (1)

क) मोटा होना ख) दुबला होना

ग) हट्टा-कट्टा होना घ) शरीर में कोई रोग न होना

3. स्वस्थ शब्द का विलोम शब्द क्या है? (1)

क) स्वस्थता ख) अस्वस्थ

ग) नीरोग घ) रोग ग्रस्त

4. अच्छे स्वास्थ्य के बिना करोड़पति व्यक्ति भी किसके समान माना जाता है? (1)

क) निर्धन ख) भाग्यवान

ग) धनवान घ) भाग्यहीन

5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक चुनकर लिखिए । (1)

क) स्वस्थ व्यक्ति- धनवान व्यक्ति ख) स्वस्थ व्यक्ति -सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति

ग) स्वच्छता- श्रेष्ठ वरदान घ) अच्छा स्वास्थ्य - महा वरदान

ग) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

ज्यों निकलकर बादलों की गोद से
थी अभी इक बूँद कुछ आगे बढ़ी
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी
आह, क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी।

बह पड़ी उस काल इक ऐसी हवा
वह समुंदर ओर आई अनमनी।
दैव, मेरे भाग्य में है क्या बदा
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में ।

जल उठूँगी या गिर अँगारे पर किसी
चू पडूँगी या कमल के फूल में ।
एक सुंदर सीप का था मुहँ खुला
वह उसी में जा गिरी मोती बनी।

1. बूँद कहाँ से निकल पड़ी ? (1)
क) बादलों की गोद से ख) माँ की गोद से ग) आसमान से घ) तालाब से

2. आह - शब्द किस भाव को व्यक्त करता है ? (1)
क) ख़ूशी का भाव ख) दुख का भाव
ग) सुख का भाव घ) बुझे मन का भाव

3. हवा किस ओर बह पड़ी ? (1)
क) तालाब की ओर ख) नदी की ओर ग) समुंदर की ओर घ) जंगल की ओर

4. बूँद जाकर कहाँ गिर पड़ी ? (1)
क) कुएँ में ख) मछली के मुँह में ग) सीप के मुँह में घ) समुंदर में

5. बूँद क्या बन गई ? (1)
क) पानी ख) सीप ग) माला घ) मोती

घ) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ।
चाह नहीं प्रेमी की माला बिंध प्यारी को ललचाऊँ।

चाह नहीं सम्राटों के शव पर हरि डाला जाऊँ।
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जावे वीर अनेक।

1. चाह - शब्द का अर्थ क्या है ? (1)
   क) गर्व ख) इच्छा ग) आशीष घ) संतोष

2. यह पद्यांश किसकी अभिलाषा की ओर संकेत है ? (1)
   क) मनुष्य की ख) प्रकृति की ग) फूल की घ) बच्चे की

3. पुष्प जीवन में क्या चाह रखता है ? (1)
   क) सुरबाला का गले का आभूषण वनें
   ख) देवों के सिर पर चढ़ें
   ग) सम्रटों के शव पर डाला जाएँ
   घ) उस मार्ग पर फेंका जाए जिस पर वीर लोग चलें

4. गहना - शब्द का अर्थ क्या है ? (1)
   क) आभूषण ख) माला ग) वस्त्र घ) मुकुट

5. इस पद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए। (1)
   क) फूल और वीर ख) एक फूल की चाह
   ग) फूल का जीवन घ) एक फूल

(खण्ड - ख)

प्र2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

क) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए । (2)
   घिसाई , नुकीला

ख) विलोम शब्द लिखिए । (2)
   पुराना, ऊपर

ग) बताओ कि किन चीज़ों का स्पर्श ऐसा होता है - (2)
   मुलायम , चिपचिपा

घ) वाक्य बनाकर उनका अर्थ स्पस्ट कीजिए - (2)

अवधि- अवधी , दिन- दीन

ङ) लोक - शब्द जोड़कर चार (4) नए शब्द बनाइए । (2)

च) निम्नलिखित संज्ञाएँ किन क्रियाओं से बनी हैं ? (2)

रोपाई , सिलाई , कताई , रँगाई

छ) बताओ कि निम्नलिखित शब्द स्त्री लिंग या पुल्लिंग - (2)

कालिख , भराई , पतीला , सेवा

ज) अर्थ बताइए - नवरात्र , इकतारा (2)

झ) शब्दों में अंतर वाक्य प्रयोग के द्वारा बताइए - (2)

स्नेह - प्रेम , समान- सामान

ञ) ईला - प्रत्यय जोड़कर विशेषण बनाइए और उनके साथ उपयुक्त संज्ञा भी लिखिए। (2)

पत्थर , ज़हर

ट) अव्यय शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए। (5)

(इसलिए , ताकि , परन्तु, यदि-तो , कि)

1. मुनिया ने सपना देखा ------- वह चंद्रमा पर बैठी है।
2. सब्जी कटवाकर रखना -- -- घर आते ही मैं खाना बना लूँ।
3. इस वर्ष फसल अच्छी नहीं हुई है ------ अनाज़ महँगा है।
4. कृष्णन फिल्म देखना चाहता है ----- मैं मेले में जाना चाहता हूँ।
5. ---- मुझे पता होता कि शमीना बुरा मान जाएगी ---- मैं वह बात न कहती।

(खण्ड - ग)

प्र3) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5 x 3 = 15)

क) लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी ?

ख) कविता में ऐसी बड़ी न होऊँ- क्यों कहा गया क्या तुम भी हमेशा छोटे बने रहोगे ?

ग) पर सारे देश के ---- अपने-अपने विद्यापति हैं - इस वाक्य का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

घ) गांधीजी ने श्रीमती पोलक के बच्चे का दूध कैसे छुड़वाया ?

ङ) कुछ खास तो नहीं - अपने मित्रों के ये उत्तर सुनकर हैलन केलर को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

च) नगर से बाहर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?

छ) बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है ? बूढ़े बाँस में कौन-सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती?

प्र4) निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।

एक बार किसी तालाब की भराई का काम चल रहा था,जिसमें गांधी के साथी लगे हुए थे। एक सुबह काम खत्म करके वे लोग फावड़े, कुदाल और टोकरियाँ लिए जब वापस लौटे तो देखते हैं कि गांधी ने उनके लिए तश्तरियों में नाश्ते के लिए फल आदि तैयार करके रखे हैं। एक साथी ने पूछा- आपने हम लोगों के लिए यह सब कष्ट क्यों किया क्या यह उचित है कि क्या हम आपसे सेवा कराएँ । गांधी ने मुस्कुराकर उत्तर दिया कि क्यों नहीं । मैं जानता था कि तुम लोग थके-माँदे लौटेंगे। तुम्हारा नाश्ता तैयार करने के लिए मेरे पास खाली समय था।

1. लेखक और पाठ का नाम चुनिए । (1)
   क) नौकर - सुदर्शन   ख) नोकर - उपाध्याय
   ग) नौकर- अनु बंधोपाध्याय   घ) गांधीजी - अनु बंधोपाध्याय

2. किसकी भराई का काम चल रहा था ? (1)
   क) तालाब   ख) कुआँ   ग) नदी   घ) गड्ढा

3. गांधीजी ने अपने साथियों के लिए क्या किया ? (1)
   क) भोजन तैयार किया   ख) नाश्ता तैयार किया
   ग) खाना बनाया   घ) फल काटके रखा।

4. एक साथी ने क्या पूछा ? (1)
   क) आपने यह कष्ट क्यों किया   ख) आपने दोस्तों की मदद की
   ग) आपने नाश्ता क्यों बनाया   घ) आपने मेरी मदद क्यों की

5. उक्त गद्यांश से क्या सीख मिलती है ? (1)
   क) समय के सदुपयोग की   ख) दूसरों की मदद करने की
   ग) समय के दुरूपयोग की   घ) दूसरों की सहायता न करने की

प्र5) निम्नलिखित पठित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।

तेरा आँचल पकड़-पकड़ कर
फिरूँ सदा माँ तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ।
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात,
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात।
अपने कर से खिला,धुला मुख
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती,
हमें सुखद परियों की बात।

1. कवि और कविता का नाम चुनिए । (1)
   क) मैं सबसे छोटी होऊँ - सुमित्रा   ख) मैं छोटी- नंदन पंत
   ग) छोटी लड़की- सुमित्रा नंदन   घ) मैं सबसे छोटी होऊँ- सुमित्रानंदन पंत

2. कविता में बच्ची क्या बने रहना चाहती है ? (1)
   क) नटखट   ख) शरारती   ग) छोटी   घ) इनमें से कोई नहीं

3. बच्ची किसके साथ रहने के लिए बड़ी नहीं होना चाहती ? (1)
   क) पिता   ख) भाई   ग) बहन   घ) माँ

4. माँ बच्चे को क्या देकर छलती है ? (1)
   क) खिलौने   ख) किताबें   ग) मिठाइयाँ   घ) इनमें से कुछ नहीं

5. छलना - शब्द का अर्थ क्या है ? (1)
   क) प्यार करना   ख) धोखा देना   ग) पीछे रहना   घ) सुला देना

प्र6) अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन (3) प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (3 x 2= 6)

क) पौराणिक कथाओं और लोककथाओं में अंतर क्या है?

ख) राक्षस मुनियों को परेशान करते थे। क्या यह संभव नहीं कि दोनों मुनि और राक्षस वन में शांतिपूर्वक रह सकें?

ग) हनुमान ने लंका से लौटकर अंगद और जामवंत से लंका के बारे में क्या-क्या बताया होगा ?

घ) क्या होता यदि राजा दशरथ कैकेयी की प्रार्थना स्वीकार नहीं करते ?

आ) सही उत्तर चुनकर लिखिए। (4x 1= 4)

1. सुग्रीव कौन था ?

क) वानरराज बाली का बड़ा भाई   ख) वानरराज बाली का छोटा भाई

ग) श्रीराम का सेवक   घ) श्रीराम का भाई

2. मेघनाद इंद्रजीत क्यों कहलाया ?

क) देवताओं को जीतने के कारण   ख) श्रीराम को जीतने के कारण

ग) लक्ष्मण को जीतने के कारण   घ) इंद्र को जीतने के कारण

3. रामायण के रचयिता कौन थे ?

क) संतकवि कबीर   ख) तुलसीदास

ग) वाल्मीकी   घ) सूरदास

4. रावण ने सीता को लंका में कहाँ रखा ?

क) बगीचे में   ख) भवन में

ग) वाटिका में   घ) अशोक वाटिका में

(खण्ड - घ)

प्र7) चार दिन का अवकाश माँगते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य के नाम पत्र लिखिए। (5)

या

राष्ट्र - स्तर की प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए।

प्र8) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (5)

1. पुस्तकालय
2. समय का सदुपयोग
3. दीपावली
4. विद्यालय का वार्षिकोत्सव

--- 000 --